NAV BHARAT TIMES, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

टीसीएस आईटी विज में एलपीएस की टीम जीती

वसं, लखनऊ: उत्तरप्रदेश-उत्तराखंड के 100 से ज्यादा स्कूलों के बीच हुए टीसीएस आईटी विज में भी लखनऊ के स्टूडेंट्स की धूम रही। दोनों प्रदेशों के 1300 से ज्यादा स्टूडेंट्स के बीच लखनऊ पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने बाजी मारी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में फाइनल राउंड के लिए 6 टीमों को चुना गया था, जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल के लोवीश पाण्डेय और वरुण सिंह की टीम पहले स्थान पर रही। जबकि सेंट फीडलिश कॉलेज, लखनऊ के अंकित और मोहम्मद हमजा इस क्विज में दूसरे स्थान पर रहे।

फाइनल में जीती टीम दिसंबर में होने वाले मेगा फाइनल में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करेगी। इस मौके पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अभिषेक मिश्र और आईआईडीसी आलोक रंजन और टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने छात्रों को सम्मानित किया।

फाइनल की 6 टीमों में 4 लखनऊ की : फाइनल में पहुंची 6 टीमों में से 4 लखनऊ की थीं, जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेंट फिडिलीश कॉलेज, दि अवध स्कूल, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की टीम थी। फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीमों में देहरादून के समर वैली स्कूल, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल थे। इस प्रतियोगिता में करीब 15 शहरों के कई स्कूलों के कक्षा 8 से 12 तक के बच्चे शामिल हुए।